भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2347

गुरूवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक)

एनसीएस पोर्टल के परिणाम

2347. श्री संजय सिंह:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर नौकरी चाहने वालों की पंजीकृत संख्या और उपलब्ध रिक्तियों की वर्ष-वार संख्या क्या है;

(ख) इस अवधि के दौरान पोर्टल और नौकरी मेलों के माध्यम से अनंतिम रूप से छाँटे गए/चयनित उम्मीदवारों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) उस अवधि के दौरान पोर्टल के माध्यम से वास्तव में अंतिम रूप से रोजगार/नियुक्ति प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों के लिए अंतिम भर्ती स्थिति को अद्यतन करने हेतु एक अनिवार्य रिपोर्टिंग तंत्र शुरू करने का विचार रखती है; और

(ड) क्या नौकरी चाहने वाले पंजीकृत लोगों की वास्तविक नियुक्ति दर का मूल्यांकन करने के लिए कोई तृतीय-पक्ष संपरीक्षा या प्रभाव आकलन किया गया है और यदि हां, तो ततसंबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ड): एनसीएस पोर्टल पर इसकी शुरूआत से दिनांक 28.02.2026 तक 6.26 करोड़ से अधिक रोजगार चाहने वाले पंजीकृत हैं और 8.94 करोड़ से अधिक रिक्तियां जुटाई गई हैं। एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों और जुटाई गई रिक्तियों का वर्षवार ब्यौरा https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx पर देखा जा सकता है।

एनसीएस पोर्टल पर अंतिम भर्ती के आंकड़ों को अधिसूचित करना अनिवार्य नहीं है। हालांकि, पिछले पांच वर्षों के दौरान रोजगार मेलों के माध्यम से चुने गए रोजगार चाहने वालों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	2020-2021	2021-2022	2022-2023	2023-2024	2024-2025
चयनित रोजगार चाहने वाले	6,58,709	89,336	1,60,608	2,95,308	2,86,028

सरकार, प्रत्येक वित्त आयोग चक्र के प्रारंभ होने से पहले सभी योजनाओं और कार्यक्रमों की व्यवस्थित समीक्षा और मूल्यांकन करती है ताकि उनकी निरंतर प्रासंगिकता, प्रभावशीलता और बदलती प्राथमिकताओं के साथ उनका संरेखण सुनिश्चित किया जा सके।

******